भास्कर ग्राउंड रिपोर्ट महाराष्ट्र के नवी मुंबई में 4 मंजिला इमारत जितनी ऊंची टनल बोरिंग मशीन 4 आरपीएम की स्पीड से समुद्र की ओर बढ़ रही



टनल के इसी छोर के डेढ़ किमी आगे समुद्र है। समुद्र के भीतर सुरंग बनाने का काम एफकॉन्स इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड कर रही है। **फोटो: अशोक गवली**

देश की पहली समुद्री रेल सुरंग... जमीन से 114 मी. नीचे 24 घंटे काम, एक सुरंग से 280 की स्पीड से गुजरेंगी दो बुलेट ट्रेन

डॉ. शेखर मगर | सावली (महाराष्ट्र)

35 मंजिला इमारत जितनी ऊंची होती है, उतना ही जमीन के अंदर सावली (नवी मुंबई) में बुलेट ट्रेन की टनल का 'शाफ्ट' है। अभी सुबह के नौ बज रहे हैं और भास्कर टीम जमीन से 114 मी. गहराई में इसी शाफ्ट के छोर पर मौजूद है। यहां बहुत ज्यादा गर्मी और घुटन भी है। इसके बावजूद 1200 लोग पहली समुद्री रेल टनल को आकार दे रहे हैं। इसी टनल से गुजरेगी पहली बुलेट ट्रेन। सावली से शीलफाटा के बीच 4.8 किमी टनल का निर्माण न्यू ऑस्ट्रियन टनल मेथड से पूरा हो रहा है। अब समुद्र के नीचे 7 किमी लंबी रेल सुरंग बनानी है, जिसकी ओर 3,000 टन वजनी टनल बोरिंग मशीन खुदाई करती चल रही है। जहां दो मेट्रो को अप-डाउन में चलाने के लिए दो टनल चाहिए, वहीं समुद्री सुरंग में 180-280 किमी/घंटा की रफ्तार से दो बुलेट ट्रेनें क्रॉस करेंगी। बाहर रफ्तार 320 किमी/घंटा होगी।

ऐसी है टीबीएम



चीन से इसी साल मार्च में मिली टीबीएम

मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन की 21 किमी लंबी टनल का सबसे अहम हिस्सा सावली से विक्रोली (9.7 किमी) है। समुद्री टनल इसी का मुख्य भाग है। इसमें 7 किलोमीटर का हिस्सा पूरी तरह पानी की ऊपरी लेयर से 5 से 8 मी. तक नीचे होगा। यहां अभी 10% काम हो चुका है। काम देर से शुरू हुआ, क्योंकि चीन से टीबीएम इसी मार्च में मिली। समुद्री टनल 30 महीने में बनने की उम्मीद है। फिर बीकेसी से विक्रोली (4.8 किमी) का रूट है। यह 20 माह में बनेगा। जबकि सावली से शीलफाटा तक की टनल 4.8 किमी बन चुकी है।

चिंता भी ज्यादा: पानी का दबाव और कंपन रोकना बड़ी चुनौती

1 ऊपर आबादी, नीचे सुरंग: विक्रोली से बीकेसी के बीच इमारतों, फ्लाईओवरों को कंपन से बचाने के लिए टीबीएम की गति 4 आरपीएम पर सेट है। जमीन पर रियल-टाइम सेटलमेंट सेंसर 24 घंटे हलचलों की निगरानी कर रहे हैं।

2 पानी का दबाव: गीली मिट्टी और भारी जलदाब के कारण समुद्री सुरंग में पानी भरने का जोखिम है। इससे बचने 'स्लरी बेस्ड मिक्स शील्ड टीबीएम' चल रही है, जो मिट्टी-पानी के गाढ़े घोल की मदद से खुदाई कर रही है।

3 दहने का डर: 13.6 मीटर व्यास वाली विशाल सुरंग एनएटीएम तकनीक से खोदते तो इसके दहने की आशंका ज्यादा थी। इसलिए 'टीबीएम' से खुदाई के साथ ही कंक्रीट रिंग सेगमेंट्स और वाटरप्रूफ सीलिंग लगा रहे हैं।

केलुपोश मकान की कच्ची दीवार ढही, मलबे में दबने से मां और बेटी की मौत



सेमरी (सतूंबर)। सतूंबर जिले के सेमरी थाना क्षेत्र के भौराई फला पोल में मंगलवार सुबह केलुपोश मकान की मिट्टी की दीवार अचानक भरभराकर गिर गई। मलबे में दबने से भौराई फला पोल निवासी देवाराम की पत्नी गंगा देवी (36) और बेटी राधिका (9) की मौत हो गई। बालिका राधिका गांव के प्राथमिक विद्यालय में कक्षा दो में पढ़ती थी। मां-बेटी की एक साथ मौत से पूरे गांव में मातम छा गया। मंगलवार सुबह करीब 11:15 बजे देवाराम के मकान की सड़क की तरफ वाली मिट्टी की दीवार अचानक ढह गई। दीवार गिरने की तेज आवाज सुनकर परिजन और आसपास के ग्रामीण मौके की ओर दौड़े।

भास्कर एक्सक्लूसिव गुजरात में अब कमाई की पाठशाला!

शिक्षा भी कारोबार की श्रेणी में, 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' नीति के तहत मंजूरी की शर्तें ढीली

भास्कर न्यूज | गांधीनगर

गुजरात सरकार ने नए मिडिल और हायर सेकंडरी स्कूल शुरू करने और उनकी मान्यता से जुड़े नियमों में बदलाव किए हैं। सरकार ने स्कूल चलाने और शिक्षा देने को भी कारोबार की श्रेणी में मानते हुए 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' नीति के तहत मंजूरी की शर्तें ढीली की हैं। हाल ही में जारी सरकारी अधिसूचना के मुताबिक इसका मकसद स्कूल खोलने वालों को आने वाली दिक्कतें कम करना है। **स्कूल के पास खेल का मैदान न हो, तो छत को भी मान सकते हैं मैदान:** नए नियमों के अनुसार स्कूलों के पास अपना खेल का मैदान न हो, तब भी मान्यता मिल सकेगी। स्कूल के मुख्य प्रवेश द्वार से 500 मीटर के दायरे में किसी सुरक्षित मैदान का इस्तेमाल किया जा सकेगा। इसके लिए मैदान के मालिक/संस्था/राज्य प्राधिकरण के साथ कम से कम 15 साल का रजिस्टर्ड किरायानामा या समझौता (एमओयू) जरूरी होगा। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि सुरक्षा और मौजूदा एफएसआई नियमों के अधीन स्कूल बिल्डिंग की छत को भी खेल का मैदान माना जा सकेगा।

400 वर्गफुट सीमा खत्म, पर 60 छात्रों की सीमा बरकरार: नए नियमों के मुताबिक एक कक्षा में अधिकतम 60 विद्यार्थियों की सीमा पहले की तरह रहेगी। हालांकि, पहले क्लासरूम में बैठने के लिए 400 वर्गफुट जगह अनिवार्य थी, जिसे हटा दिया गया है। अब क्लासरूम का क्षेत्रफल तय मापदंड के बजाय आरटीई के प्रावधानों के मुताबिक माना जाएगा, जिसमें बैठने की व्यवस्था और पर्याप्त जगह पर जोर है। इसके अलावा स्कूलों को मान्यता देने की प्रक्रिया में दस्तावेजी औपचारिकताओं और बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी शर्तों में भी राहत दी गई है। सरकार का मानना है कि इन बदलावों से निजी शिक्षण संस्थानों को स्कूल शुरू करने में आसानी होगी और शिक्षा क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा मिलेगा। हालांकि, कक्षा में अधिकतम 60 विद्यार्थियों की सीमा और सुरक्षा संबंधी

जरूरत हो या नहीं, एक इलाके में कितने भी स्कूल खोल सकेंगे

पहले किसी इलाके में दूसरे स्कूल की मंजूरी स्थानीय जरूरत और कुछ शर्तों से जुड़ी थी। अब यह शर्त हटा दी गई है। यानी एक इलाके में अब कितने भी स्कूल खोले जा सकेंगे। इसके अलावा नई कक्षा शुरू करने, नई फैकल्टी शुरू करने या विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने के लिए आवेदन के समय 'एसेशियलिटी सर्टिफिकेट' भी नहीं देना होगा। अधिसूचना के मुताबिक आवेदन प्रक्रिया के दौरान यह प्रमाणपत्र नहीं मांगा जा सकेगा।

प्रावधान लागू रहेंगे। छत को खेल मैदान मानने की सुविधा भी सुरक्षा नियमों के पालन पर निर्भर करेगी।

कोटा: पति की हादसे में मौत, पत्नी को ग्रामीणों ने जीत दिलाकर सरपंच बनाया

भास्कर न्यूज | मोड़क स्टेशन (कोटा)

क्षेत्र की अस्करली ग्राम पंचायत में भावुक कर देने वाला प्रसंग सामने आया है। गांव के राजेश यादव का सपना था कि उनकी पत्नी कृष्णा यादव सरपंच बनें। इसी के लिए वे चुनाव संबंधी कागजात तैयार करवाने रामगंजमंडी जा रहे थे, तभी रास्ते में सड़क दुर्घटना में उनकी मौत हो गई। पति की असमय मृत्यु से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा और कृष्णा का सरपंच बनने का सपना अधूरा रह गया। राजेश की 12वीं-13वीं की रस्म पूरी होने के बाद गांव के लोगों ने उनके सपने को पूरा करने का संकल्प लिया। ग्रामीणों ने कृष्णा यादव को चुनाव लड़ाने की तैयारी शुरू की और उनके समर्थन में प्रचार किया। गांव के लोगों ने इसे राजेश की इच्छा पूरी करने का प्रयास बताया। ग्रामीणों के सहयोग और समर्थन के बीच कृष्णा यादव चुनाव मैदान में उतरीं और जीत हासिल की।

चुनाव परिणाम में कृष्णा यादव को कुल 725 वोट मिले। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 252 मतों के अंतर से हराया। जीत के बाद ग्रामीणों ने इसे राजेश के सपने के पूरा होने से जोड़कर देखा। पंचायत में इस चुनाव की चर्चा रही। वहीं, अस्करली ग्राम पंचायत में उपसरपंच पद पर विक्की मीणा निर्विरोध निर्वाचित हुए। राजेश के निधन के बाद ग्रामीणों ने कृष्णा को अकेला नहीं छोड़ा और परिवार का हौसला बढ़ाते हुए चुनाव में हर संभव सहयोग किया। उनकी जीत को गांव के लोगों ने सामूहिक प्रयास और राजेश की अधूरी इच्छा पूरी होने के रूप में देखा।

20 फीट ऊंचाई से गिरी कार, सीट बेल्ट से बचे सभी युवक

भास्कर न्यूज | कैथून (कोटा)

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर कैथून थाना क्षेत्र में अरंडखेड़ा के पास मंगलवार सुबह एक चालक को नींद की झपकी आने से कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई, लेकिन सीट बेल्ट लगी होने की वजह से कार सवार दोनों युवक सुरक्षित बच गए। दिल्ली के द्वारका मोड़ स्थित विपिन एक्सटेंशन निवासी विक्रांतसिंह राजपुत और सागरपुर नई दिल्ली निवासी उसका चचेरा भाई मोहित कार में सवार होकर रात दिल्ली से उज्जैन महाकाल मंदिर में दर्शन करने रवाना हुए थे। तभी उनके साथ यह उक्त हादसा हुआ था।

29 हजार ली. संदिग्ध घी सीज मामले में सूरत पहुंची पुलिस, प्लांट की जांच करेगी

श्रीगंगानगर। नकली घी की अब तक की सबसे बड़ी क्वांटिटी की बरामदगी को लेकर सदर पुलिस की टीम गुजरात पहुंच चुकी है। यह घी सूरत के किसी एड्रेस पर स्थित प्लांट से पैकिंग कर भिजवाए जाने के आरोप में गिरफ्तार आरोपियों से इनपुट मिले हैं। सीज किए गए घी के डिब्बों पर भी यही एड्रेस लिखा हुआ है। सदर थाने से हेड कांस्टेबल मनफूल राम तथा आसूचना अधिकारी केलाश जाखड़ की गिरफ्तार आरोपी राम तायल को साथ लेकर गुजरात में छानबीन कर रही है। आरोपी के साथ सदर पुलिस सूरत के उन स्थानों का भौतिक निरीक्षण करने गई हुई हैं जहां का एड्रेस सीज किए गए घी के डिब्बों और बिलों पर लिखे एड्रेस का वेरिफिकेशन करेगी। इसके साथ ही अगर प्लांट तक पहुंच गए तो यह देखा जाएगा कि घी बनाने का प्रोसेस क्या है। प्लांट की फूड लाइसेंस एक्ट के तहत सीजर्ड है अथवा नहीं और घी बनाने में क्या क्या उत्पादों का इस्तेमाल हो रहा है। यह भी पता लगाया जाएगा कि श्रीगंगानगर, सूरतगढ़ में पकड़े गए करीब 35 हजार लीटर संदिग्ध घी की सप्लाई उनकी ओर से दी गई है अथवा यह घी इनके पते का इस्तेमाल कर कोई और ही गिरोह कारोबार कर रहा है।

आंध्र प्रदेश सरकार
स्थानीय आयुक्त का कार्यालय
आंध्र प्रदेश भवन, 1 - अशोका रोड, नई दिल्ली-110 001

हस्ताक्षर संख्या:एपीभवन/1005474/सेवाई./सीबी/ईए/2026 दिनांक: 02.01.2026

ए.पी. भवन, नई दिल्ली में अरुणाचलित अनुबंध के आधार पर दो पदों के लिए वॉक-इन-इंटरव्यू

ए.पी. भवन, नई दिल्ली में 49,200/- रुपये प्रति माह के परिलब्धि के साथ अल्पकालिक अनुबंध के आधार पर निम्नलिखित पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों से **वॉक-इन इंटरव्यू** के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

भाजपा माननीय

संगठन अधिकारी	भारत सरकार के पात्र स्वायत्त, वैधानिक/पर्यवर्ती निकायों अनुभाग अधिकारी (एओ), अथवा समतुल्य (एओ) या समकक्ष पद धारक हों, जो भारत सरकार में सेवारत व्यक्तियों से प्राथमिक आधार के साथ स्वायत्त।
सहायक प्रोटोकॉल अधिकारी	किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक और प्रोटोकॉल फर्मों/ राज्य सेवाएं एकीकरण और इंग्लिश में न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव।

इच्छुक उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे अपना बायो-डेटा 04.11.2026 को या उससे पहले ईमेल **rsapbok@gmail.com** द्वारा या व्यक्तिगत रूप से स्थानीय आयुक्त के कार्यालय, ए.पी. भवन में जमा करें। पात्र उम्मीदवार 26.11.2026 **को पूर्वाह्न** 11:00 बजे निर्धारित वॉक-इन इंटरव्यू में अपने सभी प्रासंगिक सहायक दस्तावेजों के साथ, स्थानीय आयुक्त के कार्यालय, ए.पी. भवन, 1, अशोका रोड, नई दिल्ली-110 001 पर उपस्थित हों।

स्थानीय आयुक्त

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
धारा 82 Cr.P.C./84 BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **श्री विराज अग्रवाल मैसर्स जनता इंजीनियर्स एंड कंपनी आयरन के मैनेजिंग पार्टनर पुत्र: स्व. श्री एस. के. सिंघल, पता: 257, सेक्टर 14, फरीदाबाद, हरियाणा, इसके अलावा: ई-1273, डबुआ कॉलोनी, फरीदाबाद, हरियाणा, इसके अलावा: 169/1700, गॉडर्न विद्या निकेतन, सेक्टर 17 मार्केट, ओल्ड फरीदाबाद, हरियाणा, इसके अलावा: प्लॉट 3ई/102, जीवीएन स्कूल के पास, फरीदाबाद, हरियाणा; इसके अलावा: ई-1273, डबुआ कॉलोनी, फरीदाबाद, Case No. 10877/2019 U/s 138 NI Act थानाः दरियागंज, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **श्री विराज अग्रवाल** निम्न नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गए है कि उक्त अभियुक्त **श्री विराज अग्रवाल** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **Case No. 10877/2019 U/s 138 NI Act थानाः दरियागंज, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **श्री विराज अग्रवाल** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.12.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री रवीशा सिंहाना
जेएमएफसी-06, कमरा नंबर 409
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/15759/CD/2026
(Court Matter)

JAMMU AND KASHMIR POLICE
DISTRICT POLICE HEADQURTERS JAMMU
0191-2561578 (0), 0191-254780 (F),email-sspjammu@jkpolice.gov.in

Hue and Cry Notice
Rule No. 712/191

SHO P/S Bakshi Nagar, Jammu has intimated that accused person namely Uttam Chand S/O Shadru Ram R/O Dharman Guda Kalyal Billawar A/P Shin Nagar is evading his arrest/wanted in case FIR No. 227/1988 U/S 379 RPC of P/S Bakshi Nagar, Jammu, since the commission of crime. Despite repeated raids/efforts the accused could not be traced/still absconded.

It is therefore requested that Hue and Cry Notice of above mentioned accused is being published for the information of Police establishments / Public in general having any clue related to the whereabouts / present location of above named accused, kindly communicate the same on the below mentioned contact / Telephone numbers.

Description Roll :-

Name : Uttam Chand
S/O : Shadru Ram
Address : Dharman Guda Kalyal Billawar A/P Shin Nagar

Contacts/Telephone Numbers:-

1. DPO, Jammu : 0191-2547807, 0191-2561578
2. SSP Jammu Mail I.D : sspjammu@jkpolice.gov.in
3. PCR Jammu : 0191-2605949
4. SP City North : 0191-2547038
5. SDPO City West : 0191-2580251
6. P/S Bakshi Nagar : 0191-2580102

Sr. Superintendent of Police
Jammu

DP/J-13682/26

JAMMU AND KASHMIR POLICE
DISTRICT POLICE HEADQURTERS JAMMU
0191-2561576 (0), 0191-254780 (F),email-sspjammu@jkpolice.gov.in

Hue and Cry Notice
Rule No. 712/191

SHO P/S Bakshi Nagar, Jammu has intimated that accused Uttam Chand S/O Shadru Ram R/O Dharman Guda Kalyal Billawar A/P Shin Nagar is evading his arrest/wanted in case FIR No. 227/1988 U/S 379 RPC of P/S Bakshi Nagar, Jammu, since the commission of crime. Despite repeated raids/efforts the accused could not be traced/still absconded.

It is therefore requested that Hue and Cry Notice of above mentioned accused is being published for the information of Police establishments / Public in general having any clue related to the whereabouts / present location of above named accused, kindly communicate the same on the below mentioned contact / Telephone numbers.

Description Roll :-

Name : Karmu
S/O : Shadru Ram
Address : Dharman Guda Kalyal Billawar A/P Shin Nagar

Contacts/Telephone Numbers:-

1. DPO, Jammu : 0191-2547807, 0191-2561578
2. SSP Jammu Mail I.D : sspjammu@jkpolice.gov.in
3. PCR Jammu : 0191-2605949
4. SP City North : 0191-2547038
5. SDPO City West : 0191-2580251
6. P/S Bakshi Nagar : 0191-2580102

Sr. Superintendent of Police
Jammu

DP/J-13688/26

जम्मू और कश्मीर सरकार
वित्त विभाग, गजेटेड अधिकारी, डी.एल.सी. (2026)
जम्मू और कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश के सभी पेंशनभोगियों के लिए सामान्य सूचना।
विषयः डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र (DLC) का महीना - नवंबर

आपके बैंक खातों में बिना किसी रुकावट के मासिक पेंशन की निर्बाध प्राप्ति के लिए, हर साल नवंबर के महीने में जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य कर दिया गया है। इसे अपनी उस लिंक्ड बैंक शाखा में जमा करने के लिए, जहां से आप पेंशन प्राप्त कर रहे हैं, आप बैंक शाखा जाए बिना जीवन प्रमाण ऐप' के माध्यम से इसे जमा कर सकते हैं। इस संबंध में निम्नलिखित कदम उठाए जाने आवश्यक हैं:

- चरण 1: Google Play Store/App Store से Adhar Face RD एप्लिकेशन डाउनलोड करें (यूआईडीएआई द्वारा जारी)।
- चरण 2: सफल इंस्टॉलेशन के बाद, Google Play Store से जीवन प्रमाण एप्लिकेशन डाउनलोड करें।
- चरण 3: जीवन प्रमाण ऐप खोलें \rightarrow ऑथेंटिकेट प्रमाणीकरण पर जाएं \ rightarrow आधार, मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी दर्ज करें।
- चरण 4: पंजीकृत मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी पर प्राप्त ओटीपी का उपयोग करके प्रमाणीकरण करें।
- चरण 5: आधार कार्ड में दर्ज नाम के अनुसार नाम दर्ज करें और फेस स्कैन के लिए आगे बढ़ें।
- चरण 6: ऑथेंटिक प्रमाणीकरण के बाद, पेंशनभोगी प्रमाणीकरण पर जाएं \rightarrow आधार और मोबाइल नंबर दर्ज करें \rightarrow ओटीपी से सत्यापित करें।
- चरण 7: पेंशन विवरण दर्ज करें: आधार के अनुसार नाम, पेंशन का प्रकार, संस्वीकृति प्राधिकारी (सैक्शनिंग अथॉरिटी), वितरण एजेंसी, पीपीओ नंबर और खाता नंबर।
- चरण 8: सहमति प्रदान करें \rightarrow फेस स्कैन पर क्लिक करें। ऐप आपके चेहरे के बायोमेट्रिक्स को कैप्चर कर लेगा।
- चरण 9: सफल स्कैन के बाद, स्क्रीन पर प्रमाण आईडी और पीपीओ नंबर के साथ डीएलसी सबमिशन की पुष्टि दिखाई देती है।
- चरण 10: डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र डाउनलोड विंडिज : https://jeevanpraman.gov.in/ \ rightarrow पेंशनभोगी लॉगिन / साइन इन \rightarrow जीवन प्रमाण आईडी दर्ज करें।

नोट 1: किसी भी कठिनाई की स्थिति में, कृपया संबंधित कोशगार (ट्रेजरी), बैंक शाखा, या बैंकिंग करिस्पोंडेंट से संपर्क करें।

नोट 2: कृपया सुनिश्चित करें कि आप अपने पीपीओ (PPO) और आधार कार्ड (Aadhaar Card) के विवरण के अनुसार ही बिल्कुल सही जानकारी दर्ज करें।

Sd/-
Director,
Accounts & Treasuries, Kashmir

DIP/J-13708/26

verka
Recruitment related Notice

This has reference to ongoing recruitment process for 172 posts of Deputy Managers of various categories in The Punjab State Cooperative Milk Producers' Federation Ltd. (Verka) for which written examinations have been conducted on 03.10.2026, 04.10.2026 and 11.10.2026.
The schedule for verification of experience claims for the candidates who have qualified the written examination and have claimed the experience as per the terms and conditions of the recruitment notice has been uploaded on the official website. For details, the candidates are advised to visit website: https://verka.coop/career/

Managing Director,
Milkfed Punjab

THE PUNJAB STATE COOPERATIVE MILK PRODUCER'S FEDERATION LIMITED
S.C.O.No.153-155, SECTOR34-A, CHANDIGARH-160022

सार्वजनिक सूचना

जबकि, एडोर रेजीडेंशी एलएलपी कार्यालय निदेशक, नगर एवं ग्राम नियोजन, हरियाणा (संक्षेप में "डीटीसीपी") द्वारा प्रदत्त लाइसेंस 138/2025 दिनांक 07.08.2025 की शर्तों और नियमों को मान 5.54375 एकड़ क्षेत्र में "एडोर लीजेंड-II" गांव फर्रुखा, सेक्टर-119, फरीदाबाद, हरियाणा नामक एक किफायती आवास कॉलोनी (दिनांक 19.08.2013 की किफायती आवास नीति के तहत) का विकास कर रही है। जबकि, "एडोर रेजीडेंशी एलएलपी" को हरियाणा रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण, पंचकूला (संक्षेप में "भारतीय प्राधिकरण") से पंजीकरण संख्या HRERA-PKL-FBD-887-2026 दिनांक 29.09.2026 के अनुसार परियोजना का RERA पंजीकरण प्रदान किया गया है। जबकि चूंकि को अपने बैंक खाता संख्या की घोषणा करना आवश्यक है, इसलिए इसे जारीकर्ता/आय कराया के अवलोकन/संदर्भ के लिए सूचित किया जाता है।

HEAD	BANK ACCOUNT NAME	ACCOUNT NUMBER
100% COLLECTION ACCOUNT	ARL MASTER A/C for Adore Legend-II	777705365301
70% DESIGNATED RERA ACCOUNT	ARL RERA A/C for Adore Legend-II	777705365302
30% FREE ACCOUNT	ARL FREE A/C for Adore Legend-II	777705365303

बैंक का नाम : ICICI बैंक
शाखा: 5-D/8A, रेलवे रोड, NIT 5, फरीदाबाद, हरियाणा- 121001
IFSC कोड: ICIC0007079
MICR कोड: 121229008
शाखा कोड: 7079

दिनांक: 03.11.2026 **राकेश कुमार**
स्थान: फरीदाबाद **एडोर रेजीडेंशी एलएलपी के लिए अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता**

सार्वजनिक सूचना

जबकि, एडोर रियल इंफ्रा एलएलपी एक रिटायरमेंट हाउसिंग परियोजना, रिटायरमेंट हाउसिंग परियोजना दिनांक 04.11.2024 को लहर | जिसका नाम "एडोर अर्गेलिया 2.0" है, गांव बुकेना, सेक्टर - 86, फरीदाबाद, हरियाणा में 4.01875 एकड़ क्षेत्र में विकसित कर रहरी, जो रेजीडेंस, जगह एवं ग्राम नियोजन, हरियाणा/ संक्षेप में "डीटीसीपी") के कार्यालय द्वारा दिए गए लाइसेंस 137/2025 दिनांक 05.08.2025 की शर्तों के तहत है। जबकि, "एडोर रियल इंफ्रा एलएलपी" को हरियाणा रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण, पंचकूला (संक्षेप में "भारतीय प्राधिकरण") से पंजीकरण संख्या HRERA-PKL-710-912-2026 दिनांक 01.06.2026 के अनुसार परियोजना का RERA पंजीकरण प्रदान किया गया है। जबकि चूंकि को अपने बैंक खाता संख्या की घोषणा करना आवश्यक है, इसलिए इसे जारीकर्ता/आय कराया के अवलोकन/संदर्भ के लिए सूचित किया जाता है।

HEAD	BANK ACCOUNT NAME	ACCOUNT NUMBER
100% COLLECTION ACCOUNT	ARIL RERA Desig Coll A/c for Adore Arpanam 2.0	10371020000023199
70% DESIGNATED RERA ACCOUNT	ARIL RERA Desig Sep A/c for Adore Arpanam 2.0	10371020000023180
30% FREE ACCOUNT	ARIL RERA Desig Tran A/c for Adore Arpanam 2.0	10371020000023171

बैंक का नाम : IDBI बैंक
शाखा: SC/SBP, NIT फरीदाबाद, हरियाणा- 121001
IFSC कोड: IBKL0001037
MICR कोड: 110259050
शाखा कोड: 001037

दिनांक: 03.11.2026 **राकेश कुमार**
स्थान: फरीदाबाद **एडोर रियल इंफ्रा एलएलपी के लिए अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता**

BOBCAPS
(A wholly owned subsidiary of Bank of Baroda)

मेसर्स जैन सर्वोदय सिद्धा ज्ञानगिरि समिति ("JSVGS") के अध्यादेश में स्टेण्ड लोन एक्सपोजर को परिसीमित दायित्वों की सिरम सीमेंट मेथड के जरिए ट्रांसफर करने के लिए एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट ("EOI") इनवाइट करने का विज्ञापन

BOB कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड ("BOBCAPS" या "प्रेसेस एडवाइजर") को सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ("CBoI" या "लीड बैंक") ने लेंडर्स के कंसोर्टियम (जिसे एक साथ "लेंडर्स" कहा जाता है) की ओर से **मेसर्स जैन सर्वोदय सिद्धा ज्ञानगिरि समिति ("JSVGS")** के कर्ज से को कर्ज/एक्सपोजर एसेट्स के प्रस्तावित असाइनमेंट के संबंध में बिड प्रोसेस और उसको पूरी मदद के लिए लेंडर्स की ओर से बिड डॉक्यूमेंट देने के लिए नियुक्त किया है।

बिड प्रोसेस में SARFAESI एक्ट, 2002 के सेक्शन 5 के तहत परिसिट रीटीटीओ/टोकरों और ARCs को कर्ज देने शामिल है, जो रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ("RBI") द्वारा जारी गैरबैंकों गाइडलाइंस के अनुसार सिस्म फ्रेमवर्क मेथड से किया जाएगा, जिसमें RBI (कमर्शियल बैंक-ट्रांसफर और असेट रिस्क का डिस्ट्रीब्यूशन) डायरेक्शन्स, 2025 ("RBI डायरेक्शन्स") और समय-समय पर बदले गए और लेंडर्स के अपने इंटरनल बोर्ड द्वारा मंजूर पॉलिसीज शामिल हैं, लेकिन उन्हें तक सीमित नहीं है।

BOBCAPS, लेंडर्स की ओर से, RBI के निर्देशों के तहत, JSVGS के ऐसे कर्ज से को कर्ज/क्वालिफेशन एसेट को ओरलाइन सिक्योरिटी के साथ "**ऑन बैलेंस**" बैलेंस पर असाइनमेंट के जरिए खरीदने के लिए, लेंडर्स की ओर से, परिसिट रीटीटीओ/टोकरों और ARCs से एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट ("EOI") इनवाइट करता है। असाइनमेंट के जरिए कर्ज/क्वालिफेशन एसेट का ट्रांसफर "**जैसा है जहां है**", "**जैसा है जैसा है**", "**जो भी हो**" और "**बिना किसी रिसोर्स**" के बेसिस पर होगा, लेंडर्स की ओर से बिना किसी रिप्रेजेंटेशन, वारंटी या इडेमनिटी के, जो पीछला ऑफर इन हैंड ("एकर बिड") पर आधारित होगा। यह देखते हुए कि नीलामी एकर बिड पर "**विसय पेलेंज मेथड**" के तहत हो रही है, एकर बिडर के पास बिड प्रोसेस डॉक्यूमेंट में बताए गए खास प्रेसेलिएल शर्तों लेंडर्स की ओर से शर्ट और फर्स्ट रिफ्यूजल ("**ROFR**") के तहत सबसे ऊंची बिड को मैच करने का अधिकार होगा।

बिड के बारे में ट्रांसपरेंसी और जरूरी जानकारी नीचे दी गई है:

RFP के साथ EOI जमा करने की आखिरी तारीख	09 नवंबर, 2026
ड्यू डिलिजेंस के लिए डिजिटिकरण रेटा कक्ष तक पहुंच	09 नवंबर, 2026 से 23 नवंबर, 2026 शाम 05:00 बजे तक
एकर बिड़र से हाथ में प्रस्ताव	INR 135 करोड़ (केवल एक सौ पैंतीस करोड़ रुपये)
वापसी योग्य भागीदारी शुल्क (RPF)	INR 13.50 करोड़ (केवल तेरह करोड़ और पचास लाख रुपये)
पिनिमम मार्क अप @ 5.19% एकर बिड का	INR 7.00 करोड़ (केवल सात करोड़ रुपये)
बोली आरंभ मूल्य	INR 142.00 करोड़ (केवल एक सौ बयालीस करोड़ रुपये)
बोली वृद्धि राशि (बोली गुणक)	कम से कम 1.00 करोड़ रुपये (सिर्फ एक करोड़ रुपये) और उसके मल्टीपल में
सिम पेलेंज के तहत नीलामी की तारीख	25 नवंबर, 2026

ज्यादा जानकारी के लिए, जो बिड इंटरेस्टेड हैं, वे प्रोसेस एडवाइजर की वेबसाइट **www.bobcapsin/tenders** पर जा सकते हैं। साथ ही, सेंट्रल बैंक की वेबसाइट **www.centralbank.bank.in/en/public-notices** पर भी जा सकते हैं। किसी भी क्वेरीस्पिकेशन के लिए, कृपया नीचे दिए गए लोगों से कांटेक्ट करें:

संपर्क व्यक्ति	टेलीफोन नंबर	ईमेल आईडी
श्री आशीष श्रीवास्तव-डीजीएम, सीपीओएल	+91 7506982250	dgmrecovery2@centralbank.bank.in
श्री सुगांक झा - एजीएम, सीपीओएल	+91 9161538666	agmarcsales@centralbank.bank.in
श्री सचीन शेरा, एसीपी-पीओबीकेएस	+91 8976771242	project.eta@bobcapsin
श्री इमरान गुप्ता, सीनियर मैनेजर-पीओबीकेएस	+91 9819436276	

स्थान: मुंबई
तारीख: 04 नवंबर, 2026

हस्ता./- जारीकर्ता
सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, एलएम और रिकवरी, एआर, मुंबई

CL educate

CL EDUCATE LIMITED
CIN: L74899MH1996PLC477246
Registered Office No. 201, CTS No. 39A & 39B, SV Road, Near Andheri Subway, Andheri (West), Mumbai, Maharashtra – 400058.
Corporate Office: A-45, First Floor, Mohan Co-Operative Industrial Estate, New Delhi – 110044
Tel: +91 (11) 4128 1100, Fax: +91 (11) 4128 1101,
E-mail: compliance@cleducate.com, Website: www.cleducate.com

STATEMENT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS (STANDALONE AND CONSOLIDATED) FOR THE QUARTER AND HALF YEAR ENDED SEPTEMBER 30, 2026

The Board of Directors of the Company, at its meeting held on November 03, 2026, approved the Unaudited Financial Results of the Company for the quarter and half year ended September 30, 2026.

The Unaudited Financial Results along with the Limited Review Report have been posted on the Company's website at https://www.cleducate.com/quaterly-results.html and can also be accessed by scanning the following QR code.

bitly

For CL Educate Limited

Sd/-
Nikhil Mahajan
Executive Director and Group CEO Enterprise Business
**DIN : 00